दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली

ज़मानत अर्ज़ी 463/2021

<u>निर्णय सुरक्षित किया गया : 15.03.2021</u>

<u>निर्णय की तिथि : 25.03.2021</u>

प्रभात कुमार श्रीवास्तव .....याचिकाकर्ता

द्वारा: श्री राकेश खन्ना, वरिष्ठ अधिवक्ता संग श्री आलोक कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ श्री हर्ष सेठी, श्री सर्वप्रिय मक्कड, श्री हिमांशु भंडारी, श्री नमन जोशी एवं श्री अभिषेक प्रुथी, अधिवक्तागण।

बनाम

गंभीर कपट जाँच कार्यालय .....प्रत्यर्थी

द्वारा: श्री चेतन शर्मा, अति.महा. सॉलिसिटर संग श्री अजय दिग्पॉल, कें.स.स्था.अधि., श्री अमित गुप्ता, श्री विनय यादव, श्री अक्षय गडीओक, सुश्री सहज गर्ग, भारत संघ के लिए श्री आर. वेंकट प्रभात, श्री कमल आर. दिग्पॉल एवं श्री उपमन्यु शर्मा, अधिवक्ता के साथ ।

कोरमः

माननीय न्यायाधीश सुश्री अनु मल्होत्रा

<u>निर्णय</u>

<u>न्या. अनु मल्होत्रा</u>

1. वर्तमान प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रार्थी शिकायत संख्या 149/2020 में नियमित ज़मानत की मांग करता है जो कि विद्वान विशेष न्यायाधीश , कंपनी अधिनियम, द्वारका जिला न्यायालय के समक्ष ***"गंभीर कपट जाँच अधिकारी (एस.एफ़.आई.ओ.) बनाम रॉकलैंड हॉस्पिटल्स लिमिटेड एवं अन्य"*** के शीर्षक से लंबित है तथा जिसमें प्रार्थी को फाज़िल विचारण न्यायालय के 29.02.2020 के आदेश के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 36(सी), 128, 129, 134, 188(5), 447, 448 तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 211, 217, 628 के अंतर्गत दंडनीय अपराधों के अभिकथित कृत्य के लिए बुलाया गया है।

2. विद्वान विशेष न्यायाधीश , कंपनी अधिनियम के 29.02.2020 के सम्मन जारी करने के आदेश टिप्पणी के अनुसार, केंद्र सरकार ने धारा 206 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अधीन 20.11.2017 के आदेश के माध्यम से जांच के निर्देश दिए जिसके समापन पर केंद्र सरकार को कंपनी अधिनियम की धारा 208 के अंतर्गत 19.02.2018 को एक जांच

आख्या प्रस्तुत की गयी जिसके परिणामस्वरूप कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 212(1)(क), (ख)और (ग) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31.05.2018 के आदेश के माध्यम से रॉकलैंड हॉस्पिटल्स लिमिटेड (आर.एच.एल.), जो अब मै. मेडोर हॉस्पिटल लिमिटेड है, के कामकाज की जाँच का ज़िम्मा सौंपा तथा 30.09.2019 के आदेश के माध्यम से शिकायतकर्ता की चार अन्य ग्रुप कंपनियों, यानी रॉकलैंड होटल्स लिमिटेड (आर.एच.ओ.एल.), सोम्या कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड (एस.एम.सी.एल.), रॉकलैंड मीडिया एंड कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड (आर.एम.सी.पी.एल.) एवं आर.एस.एच. मेडिटेक सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, के कामकाज के अन्वेषण की अनुमति भी प्रदान की। एस.एफ़.आई.ओ. के निदेशक ने 08.06.2018 के आदेश, जिसे 22.06.2018 एवं 10.05.2019 के आदेशों द्वारा संशोधित किया गया, द्वारा एस.एफ़.आई.ओ. के अधिकारियों को निरीक्षकों के तौर पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 212(1) (सी) के अंतर्गत प्रदत्त सभी शक्तियों के प्रयोग हेतु उपरोक्त कंपनियों की जाँच लिए नियुक्त किया;

यह भी कहा गया है कि विभिन्न अभिकरणों, जिन में एम.सी.ए. पोर्टल, क्षेत्रीय निदेशक/आर.ओ.सी., बैंक, सरकारी विभाग, सांविधिक लेखापरीक्षक भी शामिल हैं, से जानकारी एकत्रित की गयी एवं अन्य कई व्यक्तियों के बयान रिकॉर्ड किये गए।

3. संचालित जाँच के अनुसार, अभियुक्त के रूप में शामिल याचिकाकर्ता और अन्य व्यक्तियों ने मिलीभगत से आर.एच.एल. की निधि का अलग-अलग/विशिष्ट लेनदेन के माध्यम से गबन किया।

4. आर.एच.एल. के कार्यकाल के दौरान, सात अलग-अलग लेनदेन होने का आरोप है जिसके तहत उक्त कंपनी के कोष में हेराफेरी की गई। ऐसे लेनदेन का विवरण जो समन जारी करने के आदेश, जिसके द्वारा याचिकाकर्ता को मुक़द्द्मे की सुनवाई के लिए बुलाया गया है, में वर्णित हैं सामने रखा गया जैसा कि एस.एफ़.आई.ओ की ओर से प्रस्तुत लिखित प्रस्तुतियों में भी वर्णित हैं जो इस प्रकार है:

> *"23. यह कि जांच ने निम्नलिखित तथ्यों को सिद्ध किया जिससे स्पष्टतः यह साबित होता है कि प्रार्थी ने सह-अभियुक्त*

*की मिलीभगत से उपरोक्त अपराधों को विभिन्न **अलग / विशिष्ट घटनाओं** / कार्यप्रणाली द्वारा अंजाम दिया। जांच आख्या द्वारा यह साबित होता है कि 12.09.2013 से आर.एच.एल. फंड्स के दृष्टांत 1 , 2, & 4 में गबन की कुल राशि ₹87.93 करोड़ थी। लेयर 1 में आने वाली कंपनियों (दृष्टांत 3) के शेयरों की बिक्री से होने वाला कुल अवैध लाभ ₹102.85 करोड़ है तथा आई.एफ़.सी. के शेयरों की खरीद और वी.पी.एस. को पुनः बिक्री से ₹8.15 करोड़ है।*

24. धोखाधड़ी की अलग-अलग घटनाएं तथा प्रार्थी द्वारा अन्य व्यक्तियों की मिलीभगत से अपनायी कार्यप्रणाली संक्षिप्त में निम्न हैं:

A. पहला उदाहरण:** जांच ने यह साबित किया कि प्रार्थी ने सह-अभियुक्त आदित्य कुमार भंडारी एवं ऋषि कुमार श्रीवास्तव के साथ षड्यंत्र करते हुए आर.एच.एल. के फंड जो कि दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एस.डी.एम.सी.) से अतिरिक्त एफ़.ए.आर. शुल्क की वापसी के रूप में प्राप्त हुआ था, को निकाल लिया। यह सिद्ध किया गया कि ₹13.21 करोड़ की राशि का **भुगतान आर.एच.एल.

& एफ़.ए.आर.सी. (न्यास) के संयुक्त खाते से *आर.एच.एल. के नाम पर लिए गए मियादी ऋण द्वारा किया गया। जब कि एम.सी.डी. को किया हुआ उपरोक्त भुगतान आर.एच.एल. & एफ़.ए.आर.सी. (न्यास) के संयुक्त खाते से किया गया था, एस.डी.एम.सी. द्वारा की गई धन वापसी को जानबूझकर* ***एफ़.ए.आर.सी. के निजी खाते में दिनांक 26.03.2015 को लिया गया,*** *और उसी दिन, ₹13.17 करोड़ की कुल राशि प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी के हस्ताक्षर द्वारा सह-अभियुक्त ऋषि कुमार श्रीवास्तव के निजी बचत खाते में हस्तांतरित की गयी। इसके अतिरिक्त, अगले दिन, ₹13.17 करोड़ की वही राशि ऋषि कुमार श्रीवास्तव के खाते से अरक्षित ऋण के रूप में आर.एच.एल. को हस्तांतरित की गयी। ₹13.17 करोड़ का उक्त अरक्षित ऋण आर.एच.एल. द्वारा ऋषि कुमार श्रीवास्तव को धीरे-धीरे 2014-15, 2015-16 & 2016-17 के वित्तीय वर्षों में लौटा दिया गया, जबकि वह निधि आर.एच.एल. की ही थी।* ***एफ़.ए.आर.सी. से ऋषि***

कुमार श्रीवास्तव को रकम हस्तांतरित कर एवं अरक्षित ऋण के रूप में आर.एच.एल. को आगे हस्तांतरित कर के एक झूठा दिखावा यह दर्शाने के लिए किया गया कि रकम ऋषि कुमार श्रीवास्तव द्वारा आर.एच.एल. को हस्तांतरित की गयी है, जैसा कि एफ़.ए.आर.सी. के वित्तीय विवरण में बताया गया, हालांकि असल में आर.एच.एल. पर अतिरिक्त ₹13.17 करोड़ की देनदारी का बोझ डाल दिया गया, जो कि वैसे भी आर.एच.एल. की ही रकम थी।

B. दूसरा उदाहरण: *जांच ने यह सिद्ध किया कि आर.एच.एल. एक हॉस्पिटल इनफार्मेशन सिस्टम (एच.आई.एस.) रखता था जिसमें उसके अस्पतालों में सुविधाएं/सेवाओं का लाभ उठाने वाले मरीज़ों का विवरण दर्ज किया जाता है तथा यह प्रविष्टियां, जिनमें रोगी पंजीकरण, बिलिंग, अस्पताल से छुट्टी आदि सम्मिलित हैं, उनके सम्बंधित विभागों द्वारा दर्ज की जाती हैं। परन्तु जैसा कि आई.टी. टीम ने शपथ पर दर्ज बयान के समय कहा, केवल*

रोगियों की एक विशिष्ट श्रेणी जिन्हें "डॉक्टर रेफ़र्ड पेशेंट्स" (डी.आर.पी.) कहा जाता है के संबंध में यह प्रविष्टियां आर.एच.एल. के एम.डी. प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी एवं ग्रुप सी.एफ़.ओ. निखिल शर्मा के आदेशानुसार तथा उनकी जानकारी के मुताबिक़ आर.एच.एल. की आई.टी. टीम द्वारा की जाती थी। जांच के दौरान एकत्रित ईमेल संवाद यह सिद्ध करता है कि प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी ने हॉस्पिटल इनफार्मेशन सिस्टम में दर्ज "डॉक्टर रेफ़र्ड पेशेंट्स" से सम्बंधित रोगी की जानकारी में गड़बड़ी का सञ्चालन/निदेशन किया। ***उन डॉक्टर, जिन के नाम एच.आई.एस. में दर्ज हैं, ने शपथ पर यह बयान दिया कि "डॉक्टर रेफ़र्ड पेशेंट्स" पर की जाने वाली इस प्रमात्रा एवं रूप की शलयचिकित्साएं गलत एवं जाली हैं। अतः यह डी.आर.पी. संव्यवहार मूल रूप से काल्पनिक थे तथा लेखा पुस्तकों में हेर फेर करने के साधनों में से एक थे। आर.एच.एल. के वित्तीय वर्ष 2017-18 के वित्तीय विवरण से यह खुलासा हुआ कि***

आर.एच.एल. ने वित्तीय वर्ष 2015-16 से सम्बंधित ₹66.17 करोड़ के राजस्व/प्राप्य राशि को कंपनी की लेखा पुस्तकों से मिटा दिया क्यूंकि इसका विवरण अस्तित्वहीन तथा अतिरंजित पाया गया। अतः जांच ने यह साबित किया कि उपरोक्त गड़बड़ी/कपटपूर्ण कार्य वित्तीय विवरण के उपयोगकर्ताओं, जैसे कि बैंक/संभावित निवेशकों, को डी.आर.पी. श्रेणी के रोगियों द्वारा प्राप्त बढ़ी हुई/जाली/अस्तित्वहीन आय /प्राप्य राशि दर्शा कर छलने के उद्देश्य से किया गया था।

C. तीसरा उदाहरण: जांच से यह सिद्ध हुआ कि प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी, आदित्य कुमार भंडारी एवं निखिल शर्मा (ग्रुप सी.एफ़.ओ.)/सह-अभियुक्त ने जाली प्रत्यारोपण बिल बनाने का भी निर्देश दिया। ईमेल संचार से यह साबित हुआ कि ***आर.एच.एल. नियमित रूप से और व्यवस्थित ढंग से अन्य पक्षकारों के चिकित्सा प्रत्यारोपण से संबंधित यह बीजक बनाते आया है।*** *जांच के दौरान एकत्रित ईमेल ने यह भी साबित किया कि अन्य*

पक्षकारों के यह बीजक इन अन्य पक्षकारों को भुगतान करने के बाद की तिथि में बनाये गए थे। आर.एच.एल. की लेखा पुस्तकों एवं उसके बैंक विवरण से यह सिद्ध हुआ कि आर.एच.एल. की ₹76.03 करोड़ की कुल राशि प्रत्यारोपण व्यय के नाम पर हस्तांतरित की गयी जिसके लिए जाली बिल स्वयं आर.एच.एल. द्वारा तैयार किये गए। आर.एच.एल. की लेखा पुस्तकों एवं ईमेल ने यह साबित किया कि यह राशि 71 विभिन्न खातों/संस्थाओं को वित्तीय वर्ष 2013-14 से वित्तीय वर्ष 2015-16 के बीच भेजी गयी। जांच से यह सिद्ध हुआ कि यह खाते अकोमोडेशन एंट्री ऑपरेटर्स द्वारा संचालित किये जा रहे थे जो पक्षकारों के जाल के माध्यम से प्रविष्टियों को हस्तांतरित कर निधि के स्त्रोत एवं गंतव्य को छद्म वेष कर देते हैं। ***जांच ने यह स्थापित किया कि प्रार्थी वित्तीय वर्ष 2013-14 से वित्तीय वर्ष 2015-16 के बीच आर.एच.एल. के दिन प्रतिदिन के मामलों का प्रभारी था। वह आर.एच.एल. में खर्च के प्रति भुगतान का हस्ताक्षर एवं स्वीकृति***

प्राधिकारी था। वह आर.एच.एल. के बैंक खातों जिनके माध्यम से 71 खातों/संस्थाओं को भुगतान किया गया था के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं में से एक था । इसी के निदेशन से जाली व्यय एवं ₹76.03 करोड़ का गबन आर.एच.एल. के लेखा पुस्तकों में दर्ज किया गया था।

D. चौथा उदाहरण: *आर.एच.एल. की लेखा पुस्तकों ने यह सिद्ध किया कि प्रवर्तकों द्वारा ₹9.61 करोड़ की कुल राशि शेयर पूँजी के रूप में लायी गयी तथा कुल ₹168.38 करोड़ की राशि आर.एच.एल. के प्रवर्तकों, जिसमें प्रार्थी भी शामिल है, द्वारा नियंत्रित 21 कंपनियों (लेयर 1) के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2004-05 से वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कंपनी में लायी गयी। जब कि आर.एच.एल. के सभी प्रवर्तकों और उनके जीवन साथियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2005-06 से वित्तीय वर्ष 2016-17 की अवधि के दौरान दायर आयकर विवरणी में उनकी निवल आय केवल ₹8.53 करोड़ थी। आर.एच.एल. के प्रवर्तकों, जिसमें प्रार्थी*

भी शामिल है, द्वारा यह 21 कंपनियां इस कपटपूर्ण उद्देश्य के साथ निगमित की गयी थी कि उनका उपयोग आर.एच.एल. की निधि का गबन कर आर.एच.एल. में अपनी शेयर पूँजी बढ़ाने के साधन के रूप में किया जाएगा और यह बात आयकर समझौता आयोग के समक्ष स्वयं स्वीकृत की गयी थी। ***इसके अतिरिक्त, इन 21 लेयर 1 कंपनियों का नियंत्रण प्रवर्तकों द्वारा कर्मचारियों को बोर्ड में नकली निदेशकों के रूप में स्थापित कर किया जाता था। इन नकली निदेशकों का इन कंपनियों पर कोई सक्रिय नियंत्रण नहीं था तथा इन 21 लेयर 1 कंपनियों के शेयर 266 लेयर 2 कंपनियों के पास थे। इन लेयर - 1 कंपनियों के कर्मचारियों ने शपथ पूर्वक यह बयान दिया है कि या तो उन्हें निदेशकों के रूप में अपने नाम देने के लिए विवश किया गया था या उन्होंने इन कंपनियों में निदेशक पद अपनी नौकरी बचाने के लिए लिया था।*** *लेयर - 2 कंपनियों के पास जो लेयर - 1 कंपनियों के शेयर थे उनको अपने और अपने सह-प्रवर्तकों के*

परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित करने के पीछे प्रार्थी का दिमाग था। ***यह धोखे से अर्जित शेयर वी.पी.एस. को ₹10.2.85 करोड़ में बेच दिए गए और इस प्रकार बेईमानी के शेयर को बेच कर अवैध लाभ प्राप्त किया गया। यह प्रस्तुत किया जाता है कि जहाँ एक कंपनी के निदेशकों/प्रवर्तकों को पूर्ण रूप से कंपनी के सदस्यों, जिन में अल्पसंख्यक शेयरधारक तथा ऋणदाता (बैंकर) भी शामिल हैं, के लाभ हेतु कंपनी के उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए सद्भाव से कार्य करने का कर्तव्य सौंपा जाता है, वहीँ इस मामले में प्रार्थी ने कपटपूर्वक कंपनी के व्यवसाय का संचालन केवल आर.एच.एल. में कंपनी की शेयरधारिता को बढ़ाने के लिए किया और वो भी आर.एच.एल. की निधि का गबन कर के।***

E. पांचवा उदाहरण: *जांच से यह सिद्ध हुआ कि वित्तीय वर्ष 2008-09 से वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान, आर.एच.एल. एवं रॉकलैंड होटल्स लिमिटेड (आर.एच.ओ.एल.) के प्रवर्तक, निदेशक एवं हस्ताक्षरी, जिन में प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी भी शामिल*

*है, एक ही थे। आर.एच.ओ.एल. को वित्तीय वर्ष 2008-09 से वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान 21 में से 18 लेयर 1 कंपनियों की शेयर पूँजी प्राप्त हुई जो कि ₹14.52 करोड़ थी। जांच ने यह सिद्ध किया कि आर.एच.ओ.एल. में आने वाली ₹1.16 करोड़ की शेयर पूँजी आर.एच.एल. की निधि से प्राप्त हुई। यह साबित किया जाता है कि आर.एच.एल. ने एस.सी.पी.एल. एवं आर.एस.एच. मेडिटेक को कुछ भुगतान किये थे जिन्हें **अकोमोडेशन एंट्री ऑपरेटर्स** की सहायता से आर.एच.एल. को हस्तांतरित कर दिया गया जिससे आर.एच.एल. की निधि में गबन साबित होता है।*

***F. छठा उदाहरण:** जांच ने यह स्थापित किया कि 2008 में अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम ('आई.एफ़.सी.') (विश्व बैंक समूह) ने आर.एच.एल. में ₹40 करोड़ का निवेश किया था। 22.03.2016 को प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी ने वी.पी.एस. हेल्थ केयर लिमिटेड ('वी.पी.एस.') के साथ एक आशय पत्र (एल.ओ.आई.) पर आर.एच.एल. के 100% इक्विटी शेयर वी.पी.एस. को बेचने के*

लिए हस्ताक्षर किये। उस समय प्रार्थी के पास सारे शेयर नहीं थे। 27.06.2016 को आई.एफ़.सी. के शेयर केवल प्रवर्तकों द्वारा ₹11 करोड़ में खरीदे गए। प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी ने आई.एफ़.सी.को वी.पी.एस. से हुए सौदे के बारे में जानकारी न देने का निर्णय लिया और ₹11 करोड़ का एक अलग सौदा आई.एफ़.सी. के साथ उसके आर.एच.एल. के शेयर खरीदने के लिए किया ताकि वह अल्पसंख्यक शेयर धारक (आई.एफ़.सी.) के व्यय पर इस सौदे से अनुचित लाभ प्राप्त कर सकें। वी.पी.एस. ने प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी, ऋषि कुमार श्रीवास्तव & माला श्रीवास्तव के निलंब खाते में ₹19.5 करोड़ की राशि भेजी है जिसके पश्चात आई.एफ़.सी. को ₹11 करोड़ का भुगतान किया गया। तत्पश्चात यह शेयर 2 दिन के अंदर वी.पी.एस. को ₹47.45 प्रति शेयर की कीमत पर बेच दिए गए जिसकी कुल राशि ₹19.15 करोड़ हुई। इस संबंध में ध्यान देने योग्य यह है कि 27.06.2016 को आई.एफ़.सी. एवं माला श्रीवास्तव के बीच

हुए शेयर बिक्री समझौते में यह स्पष्टतः लिखा था कि खरीदार यह शेयर पुनः बेचने के लिए नहीं खरीद रहा। ***अतः उपरोक्त तथ्यों से यह स्थापित हुआ कि प्रार्थी को आर.एच.एल. के शेयर की वी.पी.एस. को बिक्री के बारे में पूर्ण जानकारी थी तथा उसने आर.एच.एल. में अपने पद का दुरूपयोग कर अल्पसंख्यक शेयरधारक (आई.एफ़.सी.) से छल करने का षड्यंत्र किया जो की पूर्ण रूप से प्रवंचना की परिभाषा के अंतर्गत आता है क्यूंकि इसमें चूक, किसी तथ्य को छिपाना या कंपनी के निदेशकों (प्रभात कुमार श्रीवास्तव) द्वारा धोखा देने तथा अपने शेयरधारकों से अनुचित लाभ प्राप्त करने या उनके अधिकारों को चोट पहुंचाने के आशय से पद का दुष्प्रयोग करना भी शामिल है।***

G. सातवाँ उदाहरण: *जांच में यह स्थापित हुआ कि प्रभात कुमार श्रीवास्तव/**प्रार्थी** ने वित्तीय संस्था/यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया (यू.बी.आई.), फ़ेडरल बैंक, बैंक ऑफ़ इंडिया, ओरिएण्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स, जिसमें यू.बी.आई. अग्रणी बैंक है, के समक्ष गलत/भ्रामक*

ब्यान दिए और उन्हें आर.एच.एल. के साथ, आर.एच.एल. को वित्तीय वर्ष 2008-09 से वित्तीय वर्ष 2014-15 तक ऋण सुविधाएं प्रदान करने के लिए, समझौता करने के लिए प्रेरित किया। उसने वित्तीय सुविधाएं प्राप्त करने हेतु उधार देने वाले बैंक को वित्तीय वर्ष 2008-09 से वित्तीय वर्ष 2014-15 के बीच गलत वित्तीय विवरण प्रस्तुत किये थे। आर.एच.एल. की इस झूठी वित्तीय स्थिति के आधार पर ही समय-समय पर उसे ऋण सुविधाएं प्रदान की गयी। जांच में यह स्थापित हुआ कि ऋण के संवितरण के सभी स्तरों पर आर.एच.एल. के प्रवर्तकों को अपने हिस्से का योगदान इक्विटी के रूप में लाना आवश्यक था। परन्तु जैसा की जांच में स्थापित हुआ कि अधिकतम शेयर पूंजी और प्रीमियम 21 लेयर 1 कागज़ पर आधारित कंपनियों के माध्यम से आता है जिसका स्त्रोत आर.एच.एल. के भवन के निर्माण/चिकित्सकीय संसाधन की खरीद के व्यय से पता लगाया जा सकता है। अतः आर.एच.एल. के प्रवर्तकों, जिन में प्रार्थी भी

शामिल है, ने अपनी पूंजी लाने के बजाय आर.एच.एल. की निधि का गबन किया और फिर उसी निधि को शेयर पूंजी के रूप में वापस ले आये तथा इसी शेयर पूंजी की अनुवृद्धि को दर्शाते वित्तीय विवरण का प्रयोग बैंक से और ऋण सुविधाएं प्राप्त करने के लिए किया। ***प्रार्थी ने प्रवर्तक निदेशक एवं वित्तीय वर्ष 2004-05 से वित्तीय वर्ष 2014-15 के बीच तुलन पत्र के हस्ताक्षरकर्ता तथा 01.03.2010 के बाद से आर.एच.एल. का प्रबंध निदेशक होने के नाते नकली देनदारों "डॉक्टर रेफर्ड पेशेंट्स" की वृद्धि खुद अपनी देखरेख में करवाई जिन्हें बैंकों को व्यापार में प्राप्य राशियों के रूप में दर्शाया गया जिसके आधार पर बैंकों ने आर.एच.एल. को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किये। इस प्रकार जांच ने यह स्थापित किया कि प्रभात कुमार श्रीवास्तव/प्रार्थी ने कपटपूर्वक बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं को आर.एच.एल. को मियादी ऋण देने के लिए प्रेरित किया।***

H. लेखा पुस्तकों का मिथ्याकरण: *इसके अतिरिक्त जांच ने यह भी स्थापित किया कि आर.एच.एल. & आर.एच.ओ.एल. की वित्तीय स्थिति इन कंपनियों के मामलों की सच्ची और निष्पक्ष तस्वीर नहीं दर्शाती है तथा प्रार्थी, वित्तीय विवरण के गलत होने की पूर्ण जानकारी रखने के बावजूद और यह जानते हुए कि मान्य संपत्तियों (भवन एवं चिकित्सकीय संसाधन) को बढ़ा कर दर्शाया गया है एवं लाभ और हानि लेखा में दर्ज व्यय जाली हैं आदि, इस वित्तीय विवरण का हस्ताक्षरकर्ता था।*

5. याचिकाकर्ता ने एस.एफ़.आई.ओ. की लिखित प्रस्तुतियों के जवाब में, विशेषतः उपरोक्त अनुच्छेद 4 में विस्तृत लेनदेन के संबंध में, यह प्रस्तुत किया है:

"आरोप 'क': *प्रार्थी ने आदित्य कुमार भंडारी एवं ऋषि कुमार श्रीवास्तव (बिना गिरफ़्तारी के आरोप पत्र/शिकायत दायर) के साथ षड्यंत्रपूर्वक कथित तौर पर आर.एच.एल. की लगभग ₹13.21*

करोड़ की निधि का गबन किया। प्रार्थी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 447 और 448 के अंतर्गत अपराध किया है।

प्रार्थी का उत्तर: *बैंक से यह राशि ऋण के रूप में प्राप्त होने के बाद, आर.एच.एल. ने यह राशि एम.सी.डी. को क़ुतब इंस्टीटूशनल एरिया हॉस्पिटल के अतिरिक्त निर्माण योग्य क्षेत्र/एफ़.ए.आर. के अनुमोदन के लिए दे दी क्योंकि आर.एच.एल. ने लाइसेंसधारक के तौर पर फार ट्रस्ट से अस्पताल का कब्ज़ा लिया था। परन्तु जब एम.सी.डी. ने यह राशि लौटाई तो एफ़.ए.आर.सी. ट्रस्ट ने इसे प्राप्त किया क्योंकि उक्त ट्रस्ट डी.डी.ए. का ज़मींदार/पट्टेदार था। एफ़.ए.आर.सी. ने यह राशि अपने एक ट्रस्टी ए-5/ऋषि कुमार श्रीवास्तव के माध्यम से आर.एच.एल. को लौटा दी जिसे एफ़.ए.आर.सी. ट्रस्ट के वित्तीय वर्ष 2014-15 के तुलन पत्र में 'घोषित' भी कर दिया गया है। चूंकि जब वी.पी.एस. ने आर.एच.एल. को खरीदा तो उक्त राशि निदेशक ऋण के तौर पर*

बकाया थी तो वी.पी.एस. ने आर.एच.एल. को उक्त राशि का भुगतान किया और फिर आर.एच.एल. ने उक्त राशि का भुगतान ऋषि कुमार श्रीवास्तव को किया ताकि ऋषि कुमार श्रीवास्तव के नाम पर बकाया निदेशक ऋण की अदायगी हो सके। इस सम्बन्ध में, एस.एफ़.आई.ओ. ने इस पर भी विचार नहीं किया कि यदि उक्त राशि का भुगतान निदेशक ऋण के रूप में ऋषि कुमार श्रीवास्तव को नहीं किया जाता तो भी यह राशि आर.एच.एल. के शेयर की वी.पी.एस. को बिक्री मूल्य के तौर पर श्रीवास्तव परिवार/ऋषि श्रीवास्तव के पास ही पहुँचती क्योंकि आर.एच.एल. के 100% शेयर को खरीदने के लिए वी.पी.एस. द्वारा श्रीवास्तव परिवार को दिए जाने वाले बिक्री मूल्य में निदेशक ऋण की यह राशि भी शामिल थी। अतः श्रीवास्तव परिवार का इसमें कोई अनुचित लाभ नहीं है। अंत में यह एक स्वीकृत तथ्य है कि जब वी.पी.एस. ने आर.एच.एल. को खरीदा था तब ₹13.22 करोड़ की उक्त राशि आर.एच.एल. द्वारा बैंक को लौटा दी गयी थी और

इससे न वी.पी.एस. को और न ही किसी बैंक को छला/अपकृत किया गया है। एस.एफ़.आई.ओ. ने इस पर भी विचार नहीं किया कि यदि ऋषि कुमार श्रीवास्तव उक्त राशि का गबन करना चाहता तो सबसे पहले वह उक्त राशि को आर.एच.एल. को हस्तांतरित नहीं करता।

आरोप 'ख': *बिक्री/रोगी आंकड़ों को बढ़ा कर दर्शा कर वित्तीय विवरण का उपयोग करने वालों को छलने तथा ऋण प्राप्त करने हेतु, प्रभात कुमार श्रीवास्तव एवं सी.एफ़.ओ. निखिल शर्मा (बिना गिरफ्तारी के आरोप पत्र दायर) के निर्देश अनुसार आर.एच.एल. की आई.टी. टीम द्वारा "डॉक्टर रेफर्ड पेशेंट्स" (डी.आर.पी.) नामक रोगियों की एक श्रेणी कथित तौर पर रिकॉर्ड की गयी और चूँकि यह मरीज़ कथित तौर पर अवास्तविक थे, प्रार्थी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 36 (सी) के संग पढ़ी जाने वाली धारा 447 और 448 के अंतर्गत अपराध किया है।*

प्रार्थी का उत्तर: *वित्तीय विवरण के किसी भी उपयोगी या बैंक ने "छले जाने" का कोई आरोप नहीं लगाया है। इसके अतिरिक्त, एस.एफ़.आई.ओ. द्वारा यह स्वीकृत है कि आर.एच.एल. द्वारा डी.आर.पी. बिक्री के प्रति कुल ₹145.59 करोड़ का भुगतान प्राप्त किया गया है (आई.ओ. रिपोर्ट की पृष्ठ सं. 95)। अतः प्रथम दृष्टिया तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि डी.आर.पी. बिक्री झूठी थी क्योंकि आर.एच.एल. ने पैसे प्राप्त किये हैं ना की खोये हैं।*

आरोप 'ग': *उपरोक्त अभिकथित अवास्तविक रोगियों की श्रेणी के चिकित्सा उपचार को रिकॉर्ड करने के लिए, प्रार्थी ने कथित तौर पर आदित्य कुमार भंडारी एवं निखिल शर्मा (बिना गिरफ्तारी के आरोप पत्र दायर) के साथ आर.एच.एल. के नाम पर लगभग ₹76.03 करोड़ के जाली प्रत्यारोपण बिल तैयार करने के निर्देश दिए और इस प्रकार यह राशि आर.एच.एल. से कथित तौर पर चुरा ली गयी। दाखिला प्रचालकों ने यह बयान दिया है कि उक्त राशि*

अभियुक्तों को नकद के रूप में लौटा दी गयी है। अतः प्रार्थी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 447 तथा 448 के अंतर्गत अपराध किया है।

प्रार्थी का उत्तर: *विक्रेताओं (जिन्हें दाखिला प्रचालक कहा जा रहा है) को भुगतान केवल बैंक के द्वारा किये जाते थे ना की नकद के रूप में। दाखिला प्रचालकों द्वारा नकद अभियुक्तों को लौटा दिए जाने का आरोप निराधार है क्योंकि अभिलेख पर नकद लेनदेन के "स्त्रोत"/"नकद रसीद" जैसे कोई सबूत नहीं है। ज़मानत अर्ज़ी सं. 434/2020 "प्रदीप शेरावत बनाम राज्य" में माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने नकद का कोई सबूत, जैसे की "स्त्रोत"/"नकद रसीद" ना होने के कारण अग्रिम ज़मानत प्रदान की है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि एस.एफ़.आई.ओ. के आरोपों को वेदवाक्य भी मान लिया जाये तो भी यह दोहराया जाता है की ₹76.03 करोड़ की कथित गबन राशि के मुक़ाबले ₹145.59 करोड़ की राशि आर.एच.एल. द्वारा अवास्तविक डॉक्टर रेफर्ड पेशेंट्स सेल के*

उपरोक्त दृष्टांत में पहले ही प्राप्त की जा चुकी है। अतः सबसे पहले तो गबन करने के उनके आशय का सवाल ही पैदा नहीं होता।

आरोप 'घ', 'ङ', 'छ' व् 'ज': *कथित तौर पर आर.एच.एल. से झूठे व्यय/बिलों के माध्यम से बैंक निधि का गबन हुआ था जिसके बाद यह निधि श्रीवास्तव परिवार द्वारा नियंत्रित ग्रुप कंपनियों के माध्यम से शेयर पूंजी के रूप में वापस आर.एच.एल. में जमा करा दी गयी थी ताकि उनके शेयर का मूल्य बढ़ सके और बैंकों को बढ़ी हुई वित्तीय सामर्थ्य दर्शा कर और ऋण लिए जा सकें। अतः प्रार्थी कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 36 (सी) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 447 तथा 448 के अंतर्गत दायी होता है।*

प्रार्थी का उत्तर: *सर्वप्रथम तो आर.एच.एल. के अधिकतम शेयर श्रीवास्तव परिवार के थे तथा उन से व्यापार करने की उन्हें पूरी*

स्वतंत्रता थी। शेयर की खरीद बिक्री/हस्तांतरण पर आपत्ति जताने का अधिकार केवल 3 पक्षों को था- अल्पसंख्यक शेयरधारक यानी के अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आई.एफ़.सी.), बैंक या शेयर के आगामी खरीदार यानी के वी.पी.एस.। परन्तु इनमें से किसी ने भी आज तक कोई आपत्ति/शिकायत नहीं जताई है। अतः प्रत्यक्ष तौर पर धारा 36 (सी), 447 या 448 के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि बैंक की निधि पूरी तरह से लौटा दी गयी है।

आरोप 'च': *आई.एफ़.सी. के पास जो आर.एच.एल. के अल्पसंख्यक शेयर थे उन्हें 27.06.2016 को वी.पी.एस. से हुए अंतर्निहित समझौते के बारे में आई.एफ़.सी. को जानकारी दिए बिना माला श्रीवास्तव (बिना गिरफ़्तारी के आरोप पत्र दायर) द्वारा पुनः खरीद लिया गया था। यदि आई.एफ़.सी. ने अपने शेयर सीधे वी.पी.एस. को बेचे होते तो आई.एफ़.सी. को ज़ादा लाभ होता।*

प्रार्थी का उत्तर: *27.06.2016 को आई.एफ़.सी. से शेयर पुनः खरीद लिए गए थे और आज तक आई.एफ़.सी. द्वारा कोई शिकायत/मुक़दमा दर्ज नहीं कराया गया है। बहर हाल माला श्रीवास्तव और आई.एफ़.सी. के बीच के लेनदेन शेयरधारकों और कंपनी के बीच द्विपक्षीय लेनदेन हैं यानी के आर.एच.एल. इसमें शामिल नहीं है। अतः आर.एच.एल. के साथ धोखाधड़ी करने का सवाल ही नहीं उठता।*

इस सम्बन्ध में, 14.05.2020 के आदेश के माध्यम से सह-अभियुक्त आदित्य कुमार भंडारी को ज़मानत प्रदान करते हुए माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने स्पष्टतः यह कहा था कि:-

> *"अनुच्छेद 46... निश्चय ही किसी वित्तीय संस्था या केंद्रीय/राज्य सरकार को कोई हानि नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त किसी शेयरधारक से कोई शिकायत नहीं आई है। जब कि, नितिन जोहरी (सुपरा) के मामले में बैंकों, शेयरधारकों एवं अन्य हितधारकों को भारी हानि पहुंची है।*

इसके अतिरिक्त, वर्तमान मामले में यदि कंपनी अधिनियम की धारा 447 के अंतर्गत छल साबित हो जाता है तो अभियुक्त को कम से कम 6 महीने की अवधि, जिसे 10 साल तक के लिए बढ़ाया जा सकता है, की क़ैद तथा कम से कम शामिल राशि जितने जुर्माने का दंड दिया जा सकता है। अतः प्रत्यर्थी ने जिन निर्णयों पर भरोसा किया है इस मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों पर लागू नहीं होते हैं, जहाँ तक याचिकाकर्ता की बात है...."

6. याचिकाकर्ता ने इसके अतिरिक्त यह भी प्रस्तुत किया है कि आर.एच.एल. 2004 में स्थापित हुआ था और निदेशकों एवं बहुलांश शेयरधारकों के तौर पर श्रीवास्तव परिवार के नेतृत्व में आर.एच.एल. ने लगभग ₹430 करोड़ का बैंक से ऋण लिया था; यह कि 2016 में माला श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आई.एफ़.सी.) के आर.एच.एल. के अल्पसंख्यक शेयर खरीद लिए जिसके बाद आर.एच.एल. के 100% शेयर वी.पी.एस. हेल्थकेयर को बेच दिए गए; यह कि आर.एच.एल. के 100%

शेयर खरीदने के बिक्री मूल्य के भाग के रूप में आर.एच.एल. का कार्यभार संभालने के पश्चात श्रीवास्तव परिवार ने जनवरी 2017 में आर.एच.एल. के सभी ऋण अपने आर.एच.एल. के 100% शेयर खरीदने के बिक्री मूल्य में से चुका दिए जिसे आर.एच.एल. द्वारा श्रीवास्तव परिवार के कार्यकाल में प्राप्त किया गया और श्रीवास्तव परिवार के गारंटी को सेवा मुक्त कर दिया गया था; यह कि तद्पश्चात विभिन्न विवाद उठे और वी.पी.एस. हेल्थकेयर ने स्वयं अपने लेखा परीक्षक के माध्यम से दिसंबर 2017 में जिस प्रकार श्रीवास्तव परिवार ने आर.एच.एल. का कार्यभार संभाला उसके सम्बन्ध में आर.ओ.सी. के समक्ष एक शिकायत दायर की जिसके फलस्वरूप 31.05.2018 के आदेश के माध्यम से एम.सी.ए. ने एस.एफ़.आई.ओ. को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। आर.एच.एल. के किसी और शेयरधारक/लेनदार/ऋणी ने आज तक कोई शिकायत दर्ज नहीं की है और इस पर ध्यान देना चाहिए कि वर्तमान मामले में वी.पी.एस. हेल्थकेयर के अलावा अन्य कोई व्यथित पक्ष/शिकायतकर्ता नहीं है तथा आज तक किसी बैंक ने भी कोई

शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इसके अतिरिक्त वह लेखा परीक्षक जिसने आर.ओ.सी. के समक्ष दिसंबर 2019 में शिकायत दर्ज कराई थी, वित्तीय वर्ष 2015-16 में आर.एच.एल. का लेखा परीक्षक भी था परन्तु उसने चुप रहने का निर्णय लिया और उसने ना ही वित्तीय वर्ष 2015-16 के वित्तीय विवरण में एक भी टिप्पणी की और ना ही किसी प्राधिकारी से कुछ कहा; यह कि माध्यस्थम् अधिकरण, जिसमें भारत के पूर्व-सी.जे.आई. एच.एम.जे. टी.एस. ठाकुर एवं एच.एम.जे. आफताब आलम (माननीय भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश) शामिल थे, द्वारा पारित 01.03.2019 के अधिनिर्णय के माध्यम से आर.एच.एल. के नए प्रबंधन/वी.पी.एस. हेल्थकेयर एवं पुराने प्रवर्तकों/श्रीवास्तव परिवार, जो उस समय प्रार्थी के नेतृत्व में थे, के बीच के सभी विवाद निश्चयात्मक तौर पर निपटा दिए गए; यह कि वी.पी.एस. हेल्थकेयर ने भी एकमात्र व्यथित पक्ष होने के नाते 28.03.2019 के पत्र के माध्यम से आर.ओ.सी./एम.सी.ए. से अपनी सारी शिकायतें वापस ले ली; यह कि जब कभी भी प्रत्यर्थी एस.एफ़.आई.ओ. द्वारा प्रार्थी को निर्देश मिले वह जांच

का हिस्सा बना और एक भी समन से बचने की कोशिश नहीं की तथा जांच के शुरू होने की तिथि से लेकर आज तक एक भी ऐसी घटना नहीं हुई जिससे यह दिखे कि प्रार्थी ने किसी गवाह/सबूत/जांच में दखल देने की कोशिश की हो; यह कि प्रार्थी को चिकित्सा आधार पर अंतरिम ज़मानत प्रदान की गयी है जिसे सात विभिन्न अवसरों पर बढ़ाया जा चुका है; परन्तु प्रार्थी ने ज़मानत की शर्तों का उल्लंघन कभी नहीं किया है; यह कि आरोप पत्र/शिकायत 31.01.2020 में दायर की गयी थी और जांच पूरी हो चुकी है; यह कि प्रार्थी का पासपोर्ट पहले से ही प्रत्यर्थी के पास जमा है और यह कि प्रत्यर्थी यह सिद्ध करने में असमर्थ रहा है की प्रार्थी की अभिरक्षा क्यों और किस उद्देश्य के लिए आवश्यक थी/है। अतः प्रार्थी की ओर से यह प्रस्तुत किया जाता है कि प्रार्थी को हिरासत में रख कर कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसके अतिरिक्त याचिकाकर्ता की ओर से यह प्रस्तुत किया जाता है कि सह-अभियुक्त आदित्य कुमार भंडारी को ज़मानत अर्ज़ी सं. 639/2020 में 14.05.2020 के आदेश के माध्यम से इस न्यायालय की समन्वय न्यायपीठ द्वारा नियमित

ज़मानत प्रदान की जा चुकी है; यह कि मुक़दमा 27.05.2021 के लिए सूचीबद्ध अभियुक्तों को समन करने के स्तर पर है और यह ध्यान में रखते हुए कि 46 गवाहों का परीक्षण होना है तथा मुक़दमे में अभी काफ़ी समय लगेगा प्रार्थी को ज़मानत पर रिहा कर देना चाहिए।

7. इसके अतिरिक्त, याचिकाकर्ता यह प्रस्तुत करता है कि उसकी बीमारियों से जुड़े चिकित्सा दस्तावेज़ यह स्थापित करते हैं कि वह एक बीमार/दुर्बल व्यक्ति है जिसे गंभीर रोग हैं जैसे कि टाइप 2- डायबिटीज मेलिटस, हाइपरटेंशन, कोरोनरी हार्ट डिज़ीज़, 'सीवियर' नॉन प्रोलीफिरेटिव डायबिटिक रेटिनोपैथी (एन.डी.पी.आर.), हाइपोथायरायडिज्म, बिनाइन प्रोस्टेट हयपरप्लेशिया (बी.पी.एच.), एल.एफ़.टी. के बिगड़े हुए मापदंड तथा यह भी कहा गया है कि उसके पेशाब का प्रवाह भी अपर्याप्त है। यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि प्रार्थी को बिनाइन पैरॉक्सिस्मल पोसिशनल वर्टिगो के दौरे आते हैं और उसे अब ठीक से चलने में भी दिक्कत आती है तथा उसके एल 3, एल 4 एवं एल 5 एस.1 में डिस्क बल्ज है। यह सभी बीमारियां ऐसी अपरिवर्तनीय स्वरुप की हैं कि उनके लिए निरंतर

जांच और इलाज की आवश्यकता है जिसमें चूक प्रार्थी के जीवन के लिए घातक साबित हो सकती है। प्रार्थी के अत्यंत सहरूग्ण होने के तथ्य को एस.एफ़.आई.ओ. द्वारा भी खारिज नहीं किया गया है। अतः प्रार्थी यह प्रस्तुत करता है कि वह एक बीमार/दुर्बल व्यक्ति है और इस कारण कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 212(6) के परन्तुक के अंदर आता है जिसके माध्यम से न्यायालय को प्रार्थी को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 212(6) के अंतर्गत ज़मानत प्रदान करने की दोहरी शर्तों को लागू किये बिना ज़मानत प्रदान करने की अनुमति दी गयी है। प्रार्थी की ओर से यह तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि इसके फ़लस्वरूप जो एक परीक्षण अब प्रार्थी पर लागू होता है वह है ट्राइपॉड टेस्ट यानी के क्या प्रार्थी के फ़रार होने का खतरा है, क्या उसने सबूतों से छेड़ छाड़ या गवाहों को प्रभावित किया है या कर सकता है और क्या जांच पूरी हो चुकी है।

8. याचिकाकर्ता की ओर से ***"पी. चिदंबरम बनाम सी.बी.आई." 2019 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 1380,*** में माननीय भारतीय सर्वोच्च

न्यायालय के निर्णय पर भरोसा करने की प्रार्थना की गई है जिसमें यह अवलोकन किया गया है कि:-

> ***"31. यह इंगित किया जाता है कि प्रत्यर्थी- सी.बी.आई. ने अपीलार्थी के प्रतिप्रेषण की मांग करते हुए 22.08.2019, 26.08.2019, 30.08.2019, 02.09.2019, 05.09.2019 तथा 19.09.2019 आदि जैसी कई तिथियों पर प्रतिप्रेषण आवेदन दायर किये हैं। इन आवेदनों में अपीलार्थी पर गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश या किसी भी महत्वपूर्ण गवाह (अभियुक्त) तक अपीलार्थी या उसके बेटे की जानकारी न देने हेतु पहुंचने का आरोप नहीं लगाया गया है। समकालीन सामग्रियों के अभाव में अपीलार्थी द्वारा गवाहों तक पहुंच कर उन्हें प्रभावित करने के आरोप को ज़्यादा महत्त्व नहीं दिया जा सकता। फाज़िल एकल न्यायाधीश के निष्कर्ष "...इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि याचिकाकर्ता गवाहों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेगा..." की पुष्टि किसी सामग्री द्वारा नहीं की***

गयी है और यह केवल एक सामान्यीकृत आशंका तथा कल्पित प्रतीत होती है। बिना किसी महत्वपूर्ण आधार के केवल अपीलार्थी द्वारा गवाहों तक पहुंचने के प्रकथन तथा गवाहों पर आगे भी दबाव डालते रहने का अभिकथन अपीलार्थी को नियमित ज़मानत प्रदान करने से इंकार की वजह नहीं बन सकता वह भी तब जब अपीलार्थी लगभग दो महीनों से अभिरक्षा में है, उसने जांच अभिकरण का सहयोग किया है तथा आरोप पत्र भी दायर हो चुका है।

32. अपीलार्थी के फ़रार होने का जोखिम नहीं है तथा लागू शर्तों को ध्यान में रखते हुए मुक़दमे से उसके फ़रार होने की कोई संभावना नहीं है। अभियोजन का यह बयान कि अपीलार्थी ने गवाहों को प्रभावित किया है तथा आगे भी उसके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने की संभावना है, अपीलार्थी को ज़मानत प्रदान न करने का आधार नहीं हो सकता है विशेष तौर पर तब जब ऐसी कोई भी बात अभियोजन द्वारा दायर 6 प्रतिप्रेषण आवेदनों में नहीं

है। अपीलार्थी और अन्य सह अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र 18.10.2019 को दायर किया जा चुका है। अपीलार्थी 21.08.2019 से लगभग दो महीनों से अभिरक्षा में है। सह-अभियुक्तों को पहले ही ज़मानत दी जा चुकी है। अपीलार्थी कथित तौर पर 74 वर्षों का है तथा उम्र से सम्बन्धित स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा है। उपरोक्त कारकों तथा मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, हमारा विचार है कि अपीलार्थी ज़मानत का हकदार है।"

9. प्रार्थी की ओर से यह प्रस्तुत किया जाता है कि न तो उसके फ़रार होने का जोखिम है और न ही उसके विरुद्ध सबूतों से छेड़ छाड़ का कोई आरोप है तथा इस मामले में जांच पूरी हो चुकी है और आरोप पत्र भी दायर हो चुका है। अतः उसे नियमित ज़मानत प्रदान की जाये।

10. प्रार्थी/याचिकाकर्ता की ओर से यह भी प्रस्तुत किया गया है कि सह अभियुक्त आदित्य कुमार भंडारी को नियमित ज़मानत प्रदान करने के दिनांक 14.05.2020 के आदेश में किसी सार्वजनिक धन के शामिल न

होने, सभी बैंक ऋण के पूरी तरह से चुकाए जाने, बैंककर्मियों द्वारा कोई शिकायत दर्ज न होने तथा किसी वित्तीय संस्था या केंद्रीय सरकार को कोई हानि न पहुंचने के तथ्यों को मान्यता दी गयी है। यह सभी कारक वर्तमान प्रार्थी/याचिकाकर्ता के सम्बन्ध में भी लागू होते हैं।

11. एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से यह विवाद उठाया गया कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 212(6) के सम्बन्ध में जिसमें यह कानून बनाया गया कि:-

"212. गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय द्वारा कंपनी के मामलों की जाँच-

(6) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2), में निहित बातों के बावजूद, इस अधिनियम की धारा 447 के अंतर्गत आने वाले अपराध संज्ञेय होंगे तथा इन धाराओं के अंतर्गत किसी भी अपराध के लिए आरोपित किसी भी व्यक्ति को ज़मानत पर या जाती मुचलके पर रिहा नहीं किया जायेगा जब तक कि -

(i) लोक अभियोजक को ऐसी रिहाई की अर्ज़ी का विरोध करने का मौका दिया गया है; तथा

(ii) जहाँ लोक अभियोजक द्वारा अर्ज़ी का विरोध किया गया हो, न्यायालय के पास उसे ऐसे अपराध के लिए दोषी न मानने के उचित कारण तथा ज़मानत के दौरान उसके द्वारा किसी अपराध के होने की संभावना न होने की संतुष्टि होनी चाहिए:

बशर्ते कोई व्यक्ति जो सोलह वर्ष से कम आयु का या औरत या बीमार या दुर्बल हो उसे ज़मानत पर रिहा किया जा सकता है यदि विशेष न्यायालय के निर्देश हों:

इसके अतिरिक्त यह भी शर्त है कि विशेष न्यायालय इस उपधारा में निर्दिष्ट किसी अपराध को संज्ञान में नहीं लेगी जब तक कि निम्नलिखित द्वारा लिखित शिकायत न दी जाये-

(i) निदेशक, गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय; या

(ii) सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में सामान्य या विशेष लिखित आदेश द्वारा अधिकृत केंद्रीय सरकार का कोई भी अधिकारी।

(7) उपधारा (6) में निर्दिष्ट ज़मानत प्रदान करने की परिसीमाएं दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 की 2) या वर्तमान काल में लागू किसी भी अन्य ज़मानत प्रदान करने के कानून के अतिरिक्त हैं।"

कंपनी अधिनियम की धारा 447 के अंतर्गत किसी अपराध के लिए आरोपित किसी भी व्यक्ति को ज़मानत पर रिहा नहीं किया जा सकता जब तक कि लोक अभियोजक को ऐसी रिहाई की अर्ज़ी का विरोध करने का मौका न दिया जाये तथा जहाँ लोक अभियोजक द्वारा अर्ज़ी का विरोध किया गया हो, न्यायालय के पास उसे ऐसे अपराध के लिए दोषी न मानने के उचित कारण तथा ज़मानत के दौरान उसके द्वारा किसी अपराध के होने की संभावना न होने की संतुष्टि होनी चाहिए। अतः एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से यह प्रस्तुत किया गया कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 212(6)(ii) के प्रावधान अनिवार्य रूप के हैं और यह कि वर्तमान मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों में प्रार्थी को ज़मानत पर रिहा होने का हक़ नहीं है। इसके अतिरिक्त याचिकाकर्ता ने

दं.प्र.सं. 1973 की धारा 439 के अंतर्गत जिन आदेशों की मांग की है, वह बिना कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 212(6) तथा 212(7) के प्रावधानों का संदर्भ लिए एवं बिना न्यायालय की संतुष्टि के आवश्यक स्तर अनुसार लिखित निष्कर्ष दर्ज किये कि याचिकाकर्ता पर लगे आरोप में उसकी बेगुनाही को मानने के उचित कारण हैं तथा ज़मानत के दौरान उसके द्वारा किसी अपराध के किये जाने की संभावना नहीं है, प्रदान नहीं किये जा सकते हैं।

12. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 212(7) इस प्रकार है:-

"212. गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय द्वारा कंपनी के कामकाज की जाँच-

.....

.....

.....

(7) उपधारा (6) में निर्दिष्ट ज़मानत प्रदान करने की परिसीमा दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) या ज़मानत प्रदान करने से

सम्बंधित अन्य किसी कानून जो उस समय लागू हो की परिसीमाओं के अतिरिक्त हैं।

13. एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि प्रार्थी एक अभियुक्त है जिसके विरुद्ध धारा 447, 36 सहपठित धारा 447/448 सहपठित धारा 447 के अन्तर्गत अलग-अलग सुस्पष्ट कपटपूर्ण लेनदेन के लिए आरोप लगाए गए हैं जिनमें वह कथित तौर पर शामिल है। अतः कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 212(6) (ii) द्वारा आवश्यक संतुष्टि, जिसे दर्ज किया जाना आवश्यक है, प्रार्थी को ज़मानत देने से पहले सभी उक्त पृथक लेनदेन से संबंधित है। एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा उठाये गए आधार, यानी कि नए प्रबंधन/वी.पी.एस. से समझौता, बैंकों को कोई हानि न होना, बैंकों द्वारा कोई शिकायत न होना तथा वी.पी.एस. द्वारा जाँच की मांग करते हुए प्रस्ताव को वापस लेना, कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत ज़मानत अर्ज़ी पर निर्णय लेते समय विचार योग्य बातें नहीं हैं

बल्कि प्रार्थी को ज़मानत की राहत केवल अधिनियम की धारा 212(6) के अंतर्गत दी गई शर्तों के अनुपालन के पश्चात ही दी जा सकती है।

14. एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के ***"वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी बनाम सी.बी.आई." (2013) 7 एस.सी.सी. 439*** के निर्णय पर भरोसा करते हुए एवं पैरा 34 और 35 में दिए गए प्रेक्षण के विशिष्ट संदर्भ के साथ, जो कि निम्न हैं प्रस्तुत किया गया :-

> *"34. आर्थिक अपराध एक अलग श्रेणी का हिस्सा हैं और ज़मानत के मामले में इन्हें एक अलग दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है। गहरे षड्यंत्र एवं लोक निधि के भारी नुकसान वाले आर्थिक अपराधों को गंभीरता से तथा देश की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते गंभीर अपराधों के रूप में देखने की आवश्यकता है जो कि देश के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए खतरा हैं।*
>
> *"35. ज़मानत प्रदान करते समय, न्यायालय को आरोपों के स्वरुप, उसके अनुपूरक सबूतों के स्वरुप, दोषसिद्धि पर मिलने वाले दंड की गंभीरता, अभियुक्त का चरित्र, अभियुक्त की विशिष्ट*

परिस्थितियां, मुक़दमे में अभियुक्त की मौजूदगी सुनिश्चित करने की उचित संभावना, गवाहों से हस्तक्षेप की उचित आशंका, जनता/राज्य के व्यापक हित तथा अन्य समान बातों को ध्यान में रखना होगा।"

यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि देश की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते तथा उसके वित्तीय स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनते आर्थिक अपराध में शामिल होने के कारण प्रार्थी को ज़मानत पर रिहा नहीं करना चाहिए। एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा देश की अर्थव्यवस्था एवं लोकहित को गंभीर अत्यधिक अपरिवर्तनीय क्षति पहुंची है।

15. एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से यह प्रस्तुत करने के लिए कि कंपनी अधिनियम 2013 के समान परिस्तिथियों में जहाँ सर्वोपरि खंड द्वारा कानून में विस्तृत कारणों को छोड़ कर ज़मानत प्रदान करने से मना किया गया हो वहां ज़मानत से इंकार नियम बन जाता है और उसकी स्वीकृति अपवाद तथा उक्त अधिनियमिति यानी के एन.डी.पी.एस.

अधिनियम 1985 के अंतर्गत और तदनुसार कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 448 के अंतर्गत दंडनीय अपराध के सम्बन्ध में भी ज़मानत के मामले में उदार दृष्टिकोण पूरी तरह से अनावश्यक है, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के ***"मध्य प्रदेश राज्य बनाम कजड" (2001) 7 एस.सी.सी. 673*** के निर्णय पर भी भरोसा किया गया। एस.एफ़.आई.ओ. की ओर से उक्त मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के प्रेक्षण, जो कि निम्न हैं, पर भी भरोसा किया गया:-

> *"अधिनियम की धारा 37 का अध्ययन न्यायालय के मन में कोई संदेह नहीं छोड़ता है कि वह व्यक्ति, जिस पर ऐसे अपराध का आरोप लगा हो जिसमें पांच साल या उससे अधिक अवधि की क़ैद हो, उसे सामान्यतः ज़मानत पर रिहा नहीं किया जाता है।* ***धारा 37(1) के खंड (बी) के उप-खंड (ii) के अंतर्गत ज़मानत से इंकार नियम और उसकी स्वीकृति अपवाद है।*** *ज़मानत प्रदान करने के लिए न्यायालय को अपने समक्ष प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर इस बात की संतुष्टि होनी आवश्यक है कि अभियुक्त पर लगे*

